# भारतीय संस्कृति पर कृत्रिम बुद्धि का प्रभाव

Jagat Narayan, Assistant Professor, History, Seth Sushil Kumar Bihani S D Shiksha Mahavidyalaya, Sri Ganganagar

## Abstract

भारतीय संस्कृति प्राचीन काल से ही मानव के सर्वांगीण विकास पर बलवेती आई है। समय के साथ भारतीय संस्कृति ने कुछ तत्वों को आत्मसात कर लिया था। वर्तमान परिप्रेक्ष में भारतीय संस्कृति पर पाश्चात्य संस्कृति और उसके प्रभाव बढ़ते जा रहे हैं यह सब कृत्रिम बुद्धि की ही देन है। कृत्रिम बुद्धि ने भारत के प्राचीन संस्कारों को भी प्रभावित किया है। कृत्रिम बुद्धि के कारण भारतीय समाज सिमट कर रह गया है। कृत्रिम बुद्धि के भारतीय संस्कृति पर अच्छे प्रभाव बहुत कम और बुरे प्रभाव अधिक मात्रा में देखे जा रहे हैं। कृत्रिम बुद्धि के बढ़ते दुष्प्रभाव को रोकने के लिए युवाओं को सचेत करना होगा कि यह भारतीय संस्कृति के लिए अत्यधिक हानिकारक है!